www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

M/2026/V

अनुक्रमांक / Roll No.

3	0	0	0	8	2

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें ।
Candidate should write his/her Roll No. here.

पुस्तिका क्रम संख्या Booklet Serial No.
6105482

कुल प्रश्नों की संख्या : 8
Total No. of Questions : 8

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of Printed Pages : 7

M/2026/V

सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण
GENERAL HINDI AND GRAMMAR

पंचम प्रश्न–पत्र
FIFTH PAPER

समय : 02 घंटे]
Time : 02 Hours]

[पूर्णांक : 200
[Total Marks : 200

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **25** लघुत्तरीय प्रश्न हैं, **प्रत्येक** प्रश्न का उत्तर अधिकतम **20-25** शब्दों में देना है । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । **(25×3=75)**

प्रश्न : (1.1) विवरण चिह्न और योजक चिह्न को उदाहरण देकर समझाइए ।

प्रश्न : (1.2) करण और अपादान कारक में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न : (1.3) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक उपयुक्त शब्द लिखिए :
(अ) जो दूसरों का हित चाहे ।
(ब) जो सुनने में मधुर लगता है ।

प्रश्न : (1.4) 'गुड़ खाए गुलगुलों से परहेज' इस कहावत का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

प्रश्न : (1.5) सरल वाक्य और मिश्र वाक्य को उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न : (1.6) यण सन्धि को परिभाषित करते हुए उसके कोई दो उदाहरण लिखिए ।

प्रश्न : (1.7) 'सत्यार्थी' और 'वधूत्सव' शब्दों का सन्धि-विच्छेद करते हुए प्रयुक्त संधि को स्पष्ट कीजिए ।

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

प्रश्न : (1.8) 'अधोहस्ताक्षरी', 'अनुज्ञप्त' और 'कुठाँव' शब्दों का अर्थ लिखिए ।

प्रश्न : (1.9) कर्मधारय समास को सोदाहरण परिभाषित कीजिए ।

प्रश्न : (1.10) द्विगु समास और द्वन्द्व समास में विभेद कीजिए ।

प्रश्न : (1.11) संयोग, वियोग शृंगार तथा शांत रस के तीन उदाहरण दीजिए ।

प्रश्न : (1.12) व्यभिचारी भाव को परिभाषित कीजिए ।

प्रश्न : (1.13) अद्‌भुत रस, भयानक रस और करुण रस का स्थायी भाव लिखिए ।

प्रश्न : (1.14) दोहा छंद को परिभाषित कीजिए ।

प्रश्न : (1.15) छंद में यति और तुक से क्या अभिप्राय है ? उदाहरण देकर समझाइए ।

प्रश्न : (1.16) व्यंजना शब्द-शक्ति को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न : (1.17) शब्द का प्रसिद्ध अर्थ देने वाली शब्द-शक्ति का नाम लिखिए और उसे परिभाषित कीजिए ।

प्रश्न : (1.18) 'संक्षेपण' हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश क्या होते हैं ?

प्रश्न : (1.19) अहिल्या, उपरोक्त, निरोग इन तीनों शब्दों की सही वर्तनी लिखिए ।

प्रश्न : (1.20) अँगना-अंगना, आसन-असन और अंब-अंभ शब्द युग्मों के अर्थ लिखिए ।

प्रश्न : (1.21) अनुवाद करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ।

प्रश्न : (1.22) विलोम शब्द किसे कहते हैं ? 'ग्राम्य' और 'ऋजु' शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।

प्रश्न : (1.23) तत्सम और तद्‌भव शब्दों में विभेद कीजिए ।

प्रश्न : (1.24) मुहावरे और लोकोक्ति में तीन अंतर लिखिए ।

प्रश्न : (1.25) पर्यायवाची शब्द से क्या अभिप्राय है ? 'झाग' और 'न्याय' के पर्यायवाची शब्द लिखिए

प्रश्न : 2. प्रश्न रस एवं छंद से संबंधित है । **प्रत्येक** प्रश्न **01 (एक)** अंक का है । **(5×1=**

प्रश्न : 2.1 रस :- अंग एवं प्रकार ।

प्रश्न : 2.1 (1) भरत मुनि द्वारा दिया गया रस-सूत्र लिखिए ।

प्रश्न : 2.1 (2) वीर रस को परिभाषित कीजिए ।

प्रश्न : 2.1 (3) यह देख, गगन मुझमें लय है, यह देख, पवन मुझमें लय है,
मुझमें विलीन झंकार सकल । मुझमें लय है संसार सकल ।
इन पंक्तियों में निहित रस और उसका स्थायीभाव लिखिए ।

www.prepp.in

प्रश्न : 2.1 (4) कोऊ सेद-सानी, कोऊ भरि दृग-पानी रही,
कोऊ घूमि-घूमि परी भूमि मुरझानी हैं ।
इन पंक्तियों में कौन-सा शृंगार-रस है ?

प्रश्न : 2.1 (5) डट्ठा ऐसी नाक है कुप्पा ऐसे गाल ।
विभति बताओ वेगि यह को सुन्दर भूपाल ।।
इन पंक्तियों में निहित रस और उसका स्थायीभाव लिखिए ।

प्रश्न : 2. प्रश्न रस एवं छंद से संबंधित है । प्रत्येक प्रश्न 01 (एक) अंक का है । (5×1=5)

प्रश्न : 2.2 छंद :- दोहा, सोरठा, चौपाई ।

प्रश्न : 2.2 (1) जानि गौरि अनुकूल, सिय हिय हरषु न जाइ कहि
मंजुल मंगल मूल, बाम अंग फरकन लगे ।
इन पंक्तियों में निहित छंद की पहचान कीजिए ।

प्रश्न : 2.2 (2) 'मात्रिक छंद' की परिभाषा और उदाहरण लिखिए ।

प्रश्न : 2.2 (3) राम नाम मनि दीप धरू जीह-देहरी-द्वार ।
'तुलसी' बाहर भीतरहु जो चाहत उजियार ।।
इन पंक्तियों में कौन-सा छंद है ?

प्रश्न : 2.2 (4) किस छंद के प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती है ? उदाहरण सहित बताइए ।

प्रश्न : 2.2 (5) बंदौ गुरु पद कंज कृपा-सिन्धु नररूप हरि ।
महामोह तम पुंज जासु बचन रबि कर निकर ।।
इन पंक्तियों में कौन-सा छंद है ?

श्न : 3. वाक्यों का हिन्दी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

प्रश्न : 3.1 निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए । प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंकों का है । (5×3=15)

प्रश्न : 3.1 (1) इसे ध्यानपूर्वक देखिए ।

प्रश्न : 3.1 (2) यह आपकी जिम्मेदारी है ।

प्रश्न : 3.1 (3) बैठक स्थगित कर दी गई है ।

प्रश्न : 3.1 (4) आपके मामले पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा ।

प्रश्न : 3.1 (5) समितियाँ बनाई गई ।

www.prepp.in

प्रश्न : 3. वाक्यों का हिन्दी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

प्रश्न : 3.2 निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । **(5×3=15)**

प्रश्न : 3.2 (1) The judgement has been reserved.

प्रश्न : 3.2 (2) The government has taken up the responsibility.

प्रश्न : 3.2 (3) Consider this on merit.

प्रश्न : 3.2 (4) Two assistants were detained.

प्रश्न : 3.2 (5) Four persons were absent.

प्रश्न : 3.3 हिन्दी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिन्दी में पांच-पांच प्रशासनिक मानक शब्दों के अर्थ लिखिए । **प्रत्येक** प्रश्न **01 (एक)** अंक का है । **(10×1=10)**

S. No.	प्रश्न
1	पावती
2	बर्खास्तगी
3	आशुलिपिक
4	वार्षिक प्रतिवेदन
5	अध्यक्षीय
6	Governing body
7	Institutional
8	Dispatch
9	Modus operandi
10	Vide

: 4.1 इस प्रश्न में हिन्दी व्याकरण से संबंधित (संधि एवं समास) प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है । **(5×2=10)**

प्रश्न : 4.1 (1) जहाँ समस्त पद के पूर्व पक्ष में संख्यावाचक विशेषण होता है, वहाँ कौन-सा समास होता है ?

प्रश्न : 4.1 (2) 'मुरलीधर' शब्द का समास विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए ।

प्रश्न : 4.1 (3) 'परमौजस्वी' शब्द का संधि विच्छेद कीजिए और संधि का नाम लिखिए ।

प्रश्न : 4.1 (4) 'पावक' शब्द का संधि विच्छेद करते हुए प्रयुक्त संधि का नाम लिखिए ।

प्रश्न : 4.1 (5) 'बारम्बार' शब्द में कौन-सा समास है ? इसका समास-विग्रह कीजिए ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

प्रश्न : 4.2 इस प्रश्न में हिन्दी व्याकरण से संबंधित (मुहावरें एवं कहावतें) प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है । **(5×2=10)**

प्रश्न : 4.2 (1) 'अमर बेल बनना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य-प्रयोग कीजिए ।

प्रश्न : 4.2 (2) 'कभी नाव गाड़ी पर कभी गाड़ी नाव पर' कहावत का अर्थ लिखिए ।

प्रश्न : 4.2 (3) 'मिट्टी पलीद करना' मुहावरे का अर्थ लिखिए ।

प्रश्न : 4.2 (4) 'एक और एक ग्यारह होना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य-प्रयोग कीजिए ।

प्रश्न : 4.2 (5) 'पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं' कहावत का अर्थ लिखकर वाक्य-प्रयोग कीजिए ।

प्रश्न : 5. इस प्रश्न में प्रारंभिक व्याकरण एवं शब्दावलियों से संबंधित प्रश्न है । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है । **(10×2=20)**

S. No.	प्रश्न
1	'विधिसम्मत' का विलोम शब्द लिखिए ।
2	'कपिश-कपीश' शब्द युग्म का अर्थ लिखिए ।
3	'उनकी शंका का निराकरण तुम्हीं कर सकते हो ।' इस वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए ।
4	'दुसाध्य' शब्द की वर्तनी ठीक करके लिखें ।
5	'सुंदर' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।
6	'जो व्याकरण जानता है' के लिए एक शब्द लिखिए ।
7	'मोहन बैल है' इस वाक्य में कौन-सी शब्द शक्ति है ?
8	'कुमार', 'शृंग' और 'सौभाग्य' शब्दों का तद्भव लिखिए ।
9	'जीवन में उन्नति के चार पड़ाव हैं, परिश्रम, चिन्तन, मनन और साधना ।' वाक्य में प्रयुक्त विराम-चिह्नों के नाम लिखिए ।
10	'विमला ने कहा कि गोविंद अब स्वस्थ है ।' यह किस प्रकार का वाक्य है ?

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

प्रश्न : 6. रेखांकित अथवा दी गई पंक्तियों का पल्लवन अथवा भाव पल्लवन कीजिए । अभ्यर्थी जिस प्रश्न का उत्तर दे रहें हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में अनिवार्यत: करें । प्रश्न **05 (पाँच)** अंकों का है । **(1×5=5)**

"जहाँ चाह वहाँ राह ।"

प्रश्न : 7. प्रश्न मध्य प्रदेश की प्रमुख बोलियाँ-मालवी, निमाड़ी, बघेली और बुंदेली से संबंधित है । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **01 (एक)** अंक का है । **(12×1=12)**

प्रश्न : 7.1 (1) मालवा की सीमा रेखा के इस दोहे का अर्थ बताइये ।

इन चंबल उन बेतवा मालव सीम सुजान ।
दक्षिण दिसि है नर्मदा, यह पूरी पहचान ।।

प्रश्न : 7.1 (2) 'घर घर गारा का चूला' इस मालवी कहावत का अर्थ बताइये ।

प्रश्न : 7.1 (3) मालवी बोली में 'देवत' का अर्थ क्या है ?

प्रश्न : 7.2 (1) निमाड़ी के निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी में अर्थ लिखिए - मखड, आगड, भमसारड

प्रश्न : 7.2 (2) हिन्दी शब्द 'घोड़ा' के लिए निमाड़ी में कौन-सा शब्द लिखा जाता है ?

प्रश्न : 7.2 (3) 'नानी सी गड़ू, देखी-देखी रड़ूँ' निमाड़ी पहेली का क्या अर्थ है ?

प्रश्न : 7.3 (1) बघेली में 'किहनी' या 'उक्खान' की क्या उपयोगिता है ?

प्रश्न : 7.3 (2) आसउँ के अइसन ई आबा असाढ़ ।
जइसइ कोउ मुसरचन्द डंडा लइ ठाढ़ ।।
बघेली कविता की इन पंक्तियों में 'मुसरचन्द' कह कर किसके प्रति आक्रोश व्यक्त किया गया है ?

प्रश्न : 7.3 (3) बघेली की निम्नलिखित दो लोकगाथाओं में से किसी एक का अभिप्राय और अवदान लिखिए ।
(1) बसामन मामा
(2) गोपी चन्दा

प्रश्न : 7.4 (1) कार्तिक स्नान में गाए जाने वाले बुंदेली लोकगीतों में किस पौधे और देवता के पूजन का वर्णन किया जाता है ?

प्रश्न : 7.4 (2) 'बिलवारी' किस प्रकार के गीत हैं और इन्हें किस अवसर पर गाया जाता है ?

प्रश्न : 7.4 (3) 'बुंदेली' की किन्हीं दो उपबोलियों के नाम लिखिए ।

www.prepp.in

प्रश्न : 8. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । **(6×3=18)**

गद्यांश –

"हमारी हिंदी सजीव भाषा है । इसी कारण, इसने अरबी, फारसी आदि के संपर्क में आकर इनके तो शब्द ग्रहण किए ही हैं, अब अँगरेजी के भी शब्द ग्रहण करती जा रही है । इसे दोष नहीं, गुण ही समझना चाहिए; क्योंकि अपनी इस ग्रहणशक्ति से हिंदी अपनी वृद्धि कर रही है, ह्रास नहीं । ज्यों-ज्यों इसका प्रचार बढ़ेगा, त्यों-त्यों इसमें नए शब्दों का आगमन होता जाएगा । क्या भाषा की विशुद्धता के किसी भी पक्षपाती में यह शक्ति है कि वह विभिन्न जातियों के पारस्परिक संबंध को न होने दे अथवा भाषाओं की सम्मिश्रण-क्रिया में रुकावट पैदा कर दे ? यह कभी संभव नहीं । हमें तो केवल इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस सम्मिश्रण के कारण हमारी भाषा अपने स्वरूप को तो नहीं नष्ट कर रही है – कहीं अन्य भाषाओं के बेमेल शब्दों के मिश्रण से अपना रूप तो विकृत नहीं कर रही है । अभिप्राय यह कि दूसरी भाषाओं के शब्द, मुहावरे आदि ग्रहण करने पर भी हिंदी हिंदी ही बनी रही है या नहीं, बिगड़कर कहीं वह कुछ और तो नहीं होती जा रही है ?"

प्रश्न : 1 इस अवतरण का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

प्रश्न : 2 हिन्दी में नए शब्दों को अपनाते समय किस बात को ध्यान में रखना चाहिए ?

प्रश्न : 3 सजीव भाषा से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न : 4 हिन्दी में नए शब्दों का आगमन क्यों उचित है ?

प्रश्न : 5 भाषा की विशुद्धता क्या है ?

प्रश्न : 6 हिन्दी भाषा की वह कौन-सी विशेषता है जिसे लेखक ने गुण माना है, दोष नहीं ?